दिनांक : 23.05.2026 समय : 07.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

**मुख्य समाचार,**

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न सरकारी विभागों के 51 हजार से अधिक चयनित कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

2- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगरौली में 513 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया।

3- केंद्र सरकार ने जन परामर्श के लिए **विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, 2025** का मसौदा नियम प्रकाशित किए।

4- नौतपा से पहले ही प्रदेश में भीषण गर्मी जारी, 31 मई तक और बढ़ेगा पारा।

**पीएम-रोजगार मेला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकारी नौकरियाँ नागरिकों के जीवन को बेहतर और आसान बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए 19वें रोजगार मेले को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने अपने कर्मयोगियों पर भरोसा जताया है, और अब यह उनकी ज़िम्मेदारी है कि वे अपनी लगन, आचरण और रोज़मर्रा के कामों से उस भरोसे का मान रखें और उसे और मज़बूत करें। श्री मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हर भारतीय देश को 'विकसित भारत' बनाने के संकल्प के साथ काम कर रहा है।

19वें रोजगार मेले में सरकार के अलग-अलग विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51 हज़ार से भी ज़्यादा युवाओं को आज नियुक्ति पत्र सौंपें गए। यह रोजगार मेला पूरे देश में 47 अलग-अलग जगहों पर आयोजित किया गया था।

**सीएम-सिंगरौली**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सिंगरौली जिले के प्रवास पर हैं। मुख्यमंत्री

ने सिंगरौली में आयोजित कार्यक्रम में 513 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना व सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों को राशि का अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डाला

डॉ. मोहन यादव ने इससे पहले बैढ़न में लगभग ₹12 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले आधुनिक खेल परिसर का भूमिपूजन किया। यह अत्याधुनिक खेल परिसर क्षेत्र के युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने, प्रतिभाओं को निखारने एवं खेल संस्कृति को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री सिंगरौली महोत्सव एवं नगर गौरव दिवस के आयोजन में भी सहभागिता करेंगे। यह 23 मई से 25 मई तक आयोजित होगा। कार्यक्रम में जिले की प्रभारी मंत्री संपतिया उईके, राज्य मंत्री राधा सिंह भी मौजूद हैं।

**हरदीप पुरी - ऑयल इंडिया**

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि ऑयल इंडिया लिमिटेड ने राजस्थान के दांडेवाला फील्ड में एक नए गैस भंडार का पता लगाया। श्री पुरी ने कहा कि उथले सानू फॉर्मेशन से पहली बार लगभग 25 हजार मानक घन मीटर प्रति दिन की दर से प्राकृतिक गैस का प्रवाह होना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इससे घरेलू ऊर्जा उत्पादन को मजबूत करने में मदद मिलेगी और भारत को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने में गति मिलेगी।

**सिंधिया तंज**

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि देश की जनता पूरी तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ी है और 'विकसित भारत 2047' के सपने को साकार करने में जुटी है। केन्द्रीय मंत्री आज शिवपुरी में आयोजित भाजपा के 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' में शामिल होने के पहुंचे थे। इस प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी शामिल हुए। श्री सिंधिया ने सोशल मीडिया पर चर्चित 'कॉकरोच जनता पार्टी' को लेकर तंज कसते हुए कहा कि राजनीति ट्रेंड से नहीं, बल्कि जनता के बीच काम करने से चलती है।

**जी राम जी अधिनियम नियम**

केंद्र सरकार ने जन परामर्श के लिए **विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, 2025** के अंतर्गत मसौदा नियम प्रकाशित किए हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि कोई भी व्यक्ति, हितधारक, संगठन या संस्था अगले महीने की 21 तारीख तक इन मसौदा नियमों पर आपत्तियां या सुझाव प्रस्तुत कर सकता है। **विकसित भारत जी राम जी अधिनियम** 20 वर्ष पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम - मनरेगा के स्थान पर लाया गया है। नए अधिनियम का उद्देश्य वित्तीय वर्ष में 100 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी को बढ़ाकर 125 दिन करना है। यह इस वर्ष पहली जुलाई से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू हो जाएगा।

**कृषक कल्याण वर्ष**

"कृषक कल्याण वर्ष 2026" के अंतर्गत आगरमालवा जिले में 04 कृषि रथों के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, शासकीय योजनाओं एवं कृषि आधारित नवाचारों की जानकारी प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में कल जिले के ग्राम निपानिया बैजनाथ, मालीखेड़ी, कंकडेल, रामनगर, जयसिंहपुरा, सहित विभिन्न पंचायतों में तकनीकी टीम द्वारा किसानों को कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने, कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने तथा किसानों की आय दोगुनी करने के उपायों की जानकारी दी गई।

**ट्विशा मामला**

अभिनेत्री और मॉडल ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। पुलिस ने ट्विशा के पति और मुख्य आरोपी समर्थ सिंह को आज भोपाल जिला अदालत में पेश किया जहां से उसे 7 दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने बताया कि पुलिस घटना वाली रात के घटनाक्रम, पारिवारिक विवाद, मोबाइल चैट, कॉल डिटेल्स और फरारी के दौरान की उसकी गतिविधियों को लेकर गहन पूछताछ करेगी।

**मौसम**

प्रदेश में नौतपा शुरू होने से पहले ही भीषण गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। राज्य के ग्वालियर-चंबल, सागर, रीवा और उज्जैन संभाग समेत कई इलाके हीटवेव की चपेट में हैं। गर्मी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है

कि मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के 42 जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की थी। खंडवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि आज जिले का अधिकतम तापमान 43 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर के समय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे पहले कल प्रदेश के 10 शहरों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया था। छतरपुर जिले का नौगांव सबसे गर्म रहा, जहां पारा 46.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके अलावा खजुराहो में 46.4 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया था। मौसम विभाग के मुताबिक, 31 मई तक प्रदेश में गर्मी अपने चरम पर रह सकती है।

**बिजली बिल**

गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने से बिजली बिल अधिक आता है, लेकिन कुछ तरीके अपना कर बिजली बिल में कमी की जा सकती है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि एक शोध से यह साबित हुआ है कि एसी का तापमान 26 डिग्री पर सेट करने से बिजली बिल में 30 प्रतिशत तक कमी हो सकती है। शोध के अनुसार, प्रत्येक डिग्री तापमान में वृद्धि के परिणामस्वरूप स्प्लिट एसी की ऊर्जा खपत में 6 प्रतिशत की कमी आती है।

**संक्षिप्त समाचार**

1- जनगणना के पहले चरण की प्रक्रिया के तहत शहडोल जिले में मकान सूचीकरण और नंबरिंग का काम अपने अंतिम दौर में है। जिले में अब तक 97 प्रतिशत काम सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है।

2- मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए संयुक्त टीम ने कटनी जिले के विकासखंड विजयराघवगढ़ के गांवों का भ्रमण कर गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन, टीकाकरण और स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया।

3- देवास जॉब पोर्टल के माध्यम से वेलस्पन लिविंग लिमिटिड द्वारा 3 जून को मल्हार स्मृति मंदिर देवास में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

4- झाबुआ में गंगा दशहरा पर 25 मई को जिले में जल संरक्षण और सांस्कृतिक

कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

5- बैतूल जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 112 संतृप्ति शिविर आयोजित किए गए।

6- मैहर के 5 प्रमुख चौराहों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा, इसके अलावा 10 आंगनवाड़ी, आधुनिक चाइल्ड-फ्रेंडली प्री-स्कूल बनाए जाएंगे। कलेक्टर ने सीएसआर की बैठक में इसकी जानकारी दी।

7- संपर्क अभियान 2026 के अन्तर्गत अशोकनगर जिले में 11 स्थानो पर शिविरो का आयोजन किया गया।

8- रायसेन जिले वन विभाग ने वन्यजीव के शिकार के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

---------------